ग्राम सचिव की जमानत याचिका खारिज

कैथल/मोहित गुलाटी : रिश्वत के एक मामले में एडीजे संगीता राय सचदेव की अदालत ने ग्राम सचिव मनदीप सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इस बारे में एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की ओर से केस दर्ज किया गया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी कर रहे डीडीए सुरजीत कुमार आर्य ने बताया कि गांव कोटड़ा स्थित परशुराम भवन में ठेकेदार भगवती चरण का काम चल रहा था। इस काम की एवज में ग्राम सचिव मनदीप सिंह ने 442000 का भुगतान ग्राम पंचायत से कर दिया और बाकी का भुगतान पीआरआई से करने की बात कही। कुछ समय बाद ग्राम सचिव का तबादला राजौंद से कैथल हो गया।

ब्राइट स्कॉलर्स ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में किया शानदार प्रदर्शन

• ब्राइट स्कॉलर्स के विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

सोनीपत/दिनेश कुमार

सी. बी. एस. ई. द्वारा कक्षा बारहवीं व दसवीं का परीक्षा परिणामघोषित किया गया। इसमें ब्राइट स्कॉलर स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया व् विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में जयांश 95.8 , यशवर्धन 95, लक्ष्य शर्मा 94.8 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम , द्वितीय व् तृतीय रहे। विज्ञान संकाय में जयांश प्रथम, यशवर्धन द्वितीय , आक्षी शर्मा तृतीय रहे। वाणिज्य संकाय में लक्ष्य शर्मा प्रथम, सहज सिंह नारंग द्वितीय , भूमि तृतीय रहे। आर्ट्स में हिमालय आंतिल प्रथम , योगिता कौशिक द्वितीय , प्रियांशु तृतीय रहे 7 कुल 111 विद्यार्थियों ने बारहवीं की परीक्षा दी जिसमे 20 विद्यार्थी 90 फीसदी से ऊपर , 85 फीसदी से ऊपर 34 , 80 फीसदी से ऊपर 48 , 75 त्न से ऊपर 58 विद्यार्थी रहे। 97 विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफल रहे। विषयानुसार केमिस्ट्री में 100, एकाउंट्स 100, जियोग्राफी 100, बिज़नेस स्टडीज 99, कंप्यूटर साइंस 98, इंग्लिश 98 अंक, मैथ्स 97 ,इकोनॉमिक्स 97, फिजिक्स में 95, , बायोलॉजी 95, सोशियोलॉजी 96 , मास मीडिया 94, लीगल स्टडीज 96, हिस्ट्री 94, , पोलिटिकल साइंस 95, हिंदी 92 , एप्लाइड मैथ्स 91 , फिजिकल एजुकेशन 90 , साइकोलॉजी 89, अधिकतम अंक रहे 7 विद्यार्थियों ने विद्यालय आकर अपनी खुशियां जाहिर की। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्या श्रीमती किरण दलाल व् स्कूल ऐकडेमिक डायरेक्टर श्री सी. एम. विज ने सभी विद्यार्थियों के इस शानादर प्रदर्शन को देखते हुए खुशी व्यक्त की और उन्होंने विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

गांवों में चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा : दुष्यंत

• उचाना के बस अड्डा के नवीनीकरण पर खर्च होंगे 70 लाख

उचाना/नरेन्द्र जेठी : उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में निरन्तर चहुमुखी विकास करवाया जा रहा है। निकट भविष्य में उचाना प्रदेश के विकसित क्षेत्रों में शुमार होगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि काफी अर्सा से उचाना शहरवासियों की सर्विस लेन की मांग भी पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही बस अड्डा के नवीनीकरण के लिए भी 70 लाख रुपए परिवहन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दे दिए गए है, उपमुख्यमंत्री ने ये विचार अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव अलिपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने के अवसर प्रदान करने हेतु एक बड़ा इंडोर खेल स्टेडियम का निर्माण भी करवाया जाएगा।। इसके अलावा क्षेत्र में रकबी व कबड्डी के खिलाड़ियों को भी उचित खेल सुविधा प्रदान करने के लिए उचाना में खेल नर्सरी बनवाने पर विचार किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हाईवे से विपरीत दिशा में लगते 17 गांवों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 50 करोड़ रुपए की लागत से पाईप लाईन बिछाकर भाखड़ा का नीला पानी दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीपीएल राशन कार्ड धारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा अब बिजली बिल की सीमा 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 12 हजार रुपए सालाना की गई है।

उपमुख्यमंत्री ने दौरे के दौरान अलिपुरा के अलावा ब्रहामण धर्मशाला उचाना, गुरुकुल खेड़ा, काब्रछा, सुदकैन खुर्द, सुदकैन कलां तथा लोधर में भी ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया और जन समस्याएं सुनी।

गांव अलिपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

बुर्जुर्गों से आर्शीवाद लेते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीण दौरे के दौरान लगाई घोषणाओं की झड़ी

अलीपुरा गांव में मौके पर ही उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों की मांग पर उचाना के एसडीएम को परिवार पहचान पत्र व अन्य सुविधाओं के लिए दो दिन विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। गांव गुरुकुल खेड़ा में ई- लाइब्रेरी तथा पंचायत द्वारा जमीन देने पर ग्राम सचिवालय के निर्माण की भी घोषणा की। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिए कि गुरुकुल खेड़ा में चल रहा पंचायती जमीन का मामला तुरंत निपटाएं। उपमुख्यमंत्री ने काब्रछा गांव में अगले सीजन के लिए पीआर परचेज सेंटर बनाने की घोषणा की और साथ ही इसकी चार दिवारी के निर्माण के लिए कहा। सुदकैन कलां गांव में ग्रामीणों द्वारा उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया और ग्रामीणों की मांग पर बैंक के कर्मचारी को गांव में ही आकर बुजुर्गों को पेंशन बांटने के लिए कहा। इस अवसर पर उचाना के एसडीएम जितेन्द्र जोशी, बीडीपीओ सुरेन्द्र खत्री, डीएफएससी निशांत राठी, जजपा हल्का प्रधान विश्व वीर उर्फ काला नम्बरदार व शमशेर नंगूरा, उपमुख्यमंत्री के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग, युवा प्रधान बिट्टू नैन, साहब राम छातर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

आशा वर्करों ने एसएमओ को सौंपा मांगपत्र

इन्द्री/अनेजा : आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के सदस्यों ने मांगों को लेकर सरकारी हस्पताल में धरना प्रदर्शन किया और अपनी एक मांग पत्र एसएमओं को सौंपा। इस मौके पर आशा वर्करों द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। जिला सचिव सुदेश रानी ने बताया कि आशा वर्कर पिछले काफी समय से अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रही है लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के पूरे ब्लाकों में एसएमओं के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में आशा वर्करों को ईएसआई, पीएफ व अन्य रिटायरमैंट सुविधाएं उपलब्ध करवाना, मानदेय 26000 करने, रिटायरमैंट की उम्र 65 साल करने, कर्मचारी का दर्जा देने,योग्यता के आधार पर पदौन्नती देना इत्यादि है। इस मौके पर रोशनी, ममता, गीता, सुनीता, शीला, कृष्णा, कमलेश, शशि, रेखा सहित काफी सं या में आशा वर्कर्स मौजूद रही।

अनेजा स्कूल की ईशिता ने दसवीं कक्षा में पाए 96.4 प्रतिशत अंक

इन्द्री/अनेजा : अनेजा सिटी हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल प्रबंधन कमेटी के डायरैक्टर विजय अनेजा ने बताया कि स्कूल की छात्रा ईशिता नमन पुत्री वकील संजय मेहता ने सबसे ज्यादा 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए है। इसी प्रकार गुरनूर कौर ने 85 प्रतिशत, नमन ने 83 प्रतिशत, वंशिका ने 81 प्रतिशत, करनूर सिंह ने 78 प्रतिशत, यशस्वी कांबोज ने 77 प्रतिशत, अंजलि ने 76 प्रतिशत, एकमनजोत कौर ने 76 प्रतिशत, अनन्या ने 75 प्रतिशत व मन्नत ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर मैरिट में स्थान हासिल किया है। 30 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। विजय अनेजा ने सभी अव्वल रहने वाले बच्चों को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल संजू भाटिया, नीलम शर्मा, रविन्द्र कुमार, जसबीर सिंह, मंजू चोपड़ा, सचिन कुमार, मनजीत कौर, आशू मलहोत्रा सहित काफी सं या में स्कूल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

भूपेन्द्र हुड्डा 18 जून को पानीपत की जनता से जनसंवाद करेंगे : बुल्ले शाह

पानीपत/कौशिक : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंद्र बुल्ले शाह ने अपने निवास पर पत्रकार से बातचीत करते हुए शहर के अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया की शहर की जनता आज मौजूदा सरकार की नीतियों से दुखी है। उनकी बात सुनने वाले कोई नहीं है उन सभी शहरवासियों की तकलीफ सुनने के लिए आगामी 18 जून को शाम 5 बजे हुडा सेक्टर 11-12 स्थित एसडीवीएम में जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

भाई सुरेंद्र सिंह कॉलेज में नर्सिंग दिवस मनाया

जींद/तरसेम शर्मा : भाई सुरेंद्र कुमार मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग मैं बड़ी ही धूमधाम से नर्सिंग दिवस मनाया गया। एस. के . ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज के दौर में हमारे जीवन में एक नर्स की बहुत अहमियत होती है। नर्स वह महिला है जो अपने परिवार की देखरेख के साथ-साथ समाज को स्वस्थ जीवन देने हेतु दिन रात मेहनत करती है। कॉलेज के चेयरमैन राधेश्याम शर्मा के साथ-साथ राजेश शर्मा, सोनू, सविता जुनेजा व सोनिया, सीमा , एकता व अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। आज नर्सिंग दिवस के अवसर पर राधेश्याम शर्मा ने प्रोग्राम को आरंभ किया। राजेश व सोनू मैम ने भी विचार सांझा किए।

पहलवानों के समर्थन में चल रहे धरने में शामिल हुए 'आप' के वरिष्ठ नेता

पहलवानों को प्रताड़ित कर राष्ट्रीय गौरव को अपमानित किया जा रहा : अनुराग

■ **कहा, सीएम खट्टर के जनसंवाद में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता होंगे शामिल, पूछेंगे सवाल**

जींद/उत्तम हिन्दू न्यूज

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा शुक्रवार को जींद में पहुंचे। वहां उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता की। इससे पूर्व, उन्होंने गांव दनौदा में जंतर मंतर पर बैठे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवानों और बेटियों के लिए चल रहे धरने का और खटकड़ गांव में पंचायत में पहुंचकर समर्थन किया और कहा कि देश और प्रदेश की बेटियों को न्याय मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जंतर मंतर धरने पर बैठे कुश्ती खिलाड़ियों के मामले पर आम आदमी पार्टी राजनीति नहीं करेगी, लेकिन जहां जहां पर पहलवान, गांव के लोग और पंचायतें इस मुद्दे को उठाएंगी वहां पर आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता शामिल होगा और उनका साथ देगा।

उन्होंने कहा कि जब पहलवान मेडल जीतकर स्टेडियम में चक्कर लगाते हैं और राष्ट्रगान बजता है तो पूरा देश इनपर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि जब ये खिलाड़ी मेडल जीतकर आते हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाते हैं। तब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इनको बधाई देते हैं। लेकिन आज जब इनके ऊपर अत्याचार हो रहा है, इन खिलाड़ियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। तब ये कहना कि ये किसी पार्टी या किसी जाति का मुद्दा है तो ये राष्ट्रीय गौरव को अपमानित किया जा रहा है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि बड़ा दुख होता है जब देश के प्रधानमंत्री खिलाड़ियों के जीतने पर संदेश भेजते हैं, इनको खाने पर बुलाते हैं और बड़ा मीडिया इवेंट करवाते हैं। लेकिन आज जब इन खिलाड़ियों को प्रताड़ित किया जा रहा है तो प्रधानमंत्री ने न कोई बयान दिया और न कोई ट्वीट किया। ये बहुत ही शर्मनाक है। इसलिए आम आदमी पार्टी इस आंदोलन में पूरी ताकत से पहलवानों के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि आजकल मुख्यमंत्री खट्टर प्रदेश के जिले जिले में जनसंवाद कर रहे हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने ये फैसला किया है कि जहां जहां भी प्रदेश में मुख्यमंत्री खट्टर जनसंवाद के लिए जाएंगे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी जनता का हिस्सा होने के नाते, सभ्य तरीके से उस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जनता के वाजिब सवाल मुख्यमंत्री से पूछेंगे।

इस मौके पर आप नेता वजीर ढांडा, सुभाष कौशिक, पुरुषोत्तम सरपंच, पवन फौजी, जगवीर हुड्डा, अमनदीप गुलाटी, गणेश कौशिक, पाला राम और कुलबीर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

• धरने पर बैठे लोगों को संबोधित करते हुए ' आप 'के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा।

सतलुज स्कूल की मुस्कान ने किया टॉप

लाडवा/चालिया : सतलुज सीनियर सकैण्डरी स्कूल के प्रधानाचार्य डा. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि सी.बी.एस.ई. बोर्ड का बारहवीं और दसवीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया इसमें सतलुज स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा मुसकान ने कॉमर्स संकाय में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में टॉप किया तथा कॉमर्स संकाय से अनिष्का गुप्ता ने 94.6 प्रतिशत, अकांक्षा ने 93.4 प्रतिशत, अलिशा ने 90.2 प्रतिशत, नितिन ने 90 प्रतिशत, प्रियांक ने 87 प्रतिशत, शिया ने 85.6 प्रतिशत, जानवी ने 80.8 प्रतिशत, प्रियांक सैनी ने 77.4 प्रतिशत, पूजा ने 77.2 प्रतिशत अंक लिए, साईंस संकाय से मौलिक गुप्ता ने 89.4 प्रतिशत, हरमन चैहान ने 81.8 प्रतिशत, प्राची ने 81 प्रतिशत, तनवी ने 78.8 प्रतिशत, महक ने 78 प्रतिशत, जतिन ने 75.2 प्रतिशत, इसी प्रकार से आर्टस संकाय से महक ने 89.6 प्रतिशत, जसलीन ने 88.6 प्रतिशत, भावना ने 84.8 प्रतिशत, तृषा ने 83.6 प्रतिशत, मनदीप ने 82.2 प्रतिशत, अभिका ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कीये। स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिंक और 22 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रधान संतोष कौर घुम्मन, को-डिनेटर मोनिका घुम्मन तथा मनिन्दर सिंह घुम्मन, उपप्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह, नीलम मेहता, ममता जैन, दिनेश कुमारी, रेणु बाला, मेहूल गोयल, किरणदीप कौर, राजबीर, गुरमीत, राजेश, अर्शदीप कौर, पूनम, साहिल कुमार, मनिषा, विपिन, मोहिन्द्र कुमार, सर्बजीत कौर, रीतू गुप्ता आदि स्टाफ मौजूद रहा।

विधायक ने किसान को सौंपा 75 हजार का चैक

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

शाहाबाद/स्वामी : मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत शुक्रवार को विधायक रामकरण काला और मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने संभालखी के किसान कर्म सिंह को 75 हजार की राशि का चैक सौंपा। इस किसान की कृषि कार्य करते हुए तीन अंगुलियां कट गई थीं। विधायक रामकरण काला ने कहा कि खेतों में कृषि कार्य करते समय किसानों व खेतीहर मजदूरों के साथ हादसों की आशंका रहती है इसलिए इस योजना की शुरूआत की गई है। विधायक ने कहा कि किसान व मजदूर सभी अपने परिवारों के साथ स्वस्थ रहें और खेत में कृषि कार्य को ध्यान से करें। मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि खेत में कृषि कार्य करते समय किसी किसान की मृत्यु या अंग भंग होने पर सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति के चेयरमेन तरसेम गौरीपुर, सुकरम पाल, कंवरपाल, कुशल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

किसान को आर्थिक सहायता का चैक सौंपते विधायक रामकरण काला।

अधिकारी 5 जून तक कार्य पूरा करें : ज्ञानचंद गुप्ता

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

पंचकूला। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम ग्रह सैक्टर-1 में पंचकूला को सुंदर बनानें के लिए चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को 5 जून तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक मे नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर भी उपास्थित थे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि 5 जून तक विकास कार्य पूरे हो जाने चाहिए और सभी नगर निगम के पार्षदों को अपने अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य को स्वयं निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। गुप्ता ने ग्रिल और पैंटिंग की मरम्मत, लाईट और तिरंगा लाईट, रोड गुली, कर्ब स्टोन और पैंटिंग अर्थ फिलिंग, गोल चक्कर, शहर की प्रत्येक सडक से कूडा ककर्ट साफ करना, सडक किनारे लगे हुए वर्क्षो की कंटिंग करना, बीएसएनएल के टूटे हुए बाक्स और इनका रख रखाव, पोल पर लटकी हुई तारों को हटाना, शहर के विभिन्न चैंको पर लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरूस्त करना, सडक के किनारे फुटपाथ पर ईंटर लोकिंग टाइल लगाना, बस स्टाप की रिपेयर करना, दीवारों पर पैंटिंग को दुरूस्त करना, शहर में लगे स्वागत द्वार की मरम्मत, शहर से अवैध अतिक्रमण हटाना, सडक को साफ करने वाली मशीन का शैडयूल बनाना, शहर मे लगे फववारों की मरम्मत करना, सड्कों की रिकार्पेटिंग और पैस वर्क, साईकिल स्टैंडों की मरम्मत करना, पब्लिक टायलेट को दुरूस्त करना, सडक किनारे वृक्ष लगाना, रोड हिस्ट्री को राजिस्टर करना तथा अन्य मुददों पर विशेष रूप से समीक्षा की।

एडीजीपी ने पुलिस पब्लिक स्कूलों के प्राचार्यों से की बैठक

जींद/तरसेम शर्मा

श्रीकांत जाधव, एडीजीपी हिसार मंडल, ने जींन्द पुलिस लाईन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मे हिसार मंडल के पुलिस पब्लिक स्कूलो के प्राचार्यो से बैठक कर उनकी उपलब्धियो की जानकारी ली व उन्हे जरुरी दिशा निर्देश दिये। एडीजीपी, हिसार मंडल मे स्थित सभी डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलो के चेयरमैन है । उन्होने कहा कि बच्चो मे अभी से प्रशासनिक सेवाओ के लिये, पुलिस व सेना मे अधिकारी बनने के लिये जुनून पैदा करें । उन्होंने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्राचार्य को बच्चो की खेलो में रुची पैदा करने को कहा। प्रधानाचार्य डॉ इंदु शर्मा, राजेश कुमार हैड टीचर ने स्कूल के चेयरमेन व एडीजीपी हिसार मंडल श्री श्रीकांत जाधव का स्वागत किया। इस अवसर पर सुमित कुमार भा.पु.से. पुलिस अधीक्षक जींद, कपिल कुमार, कार्यकारी अभियन्ता, हरियाणा पुलिस हाऊसिंग कॉर्पोरेशन, रीतू दिलबागी, इंदू शर्मा , प्रिसिंपल हरीश पंचाल सहित विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे ।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ऋ) और ग्रांटर(ऋ) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ऋ)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऋ) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	प्रदीप अंतिल (ऋणदाता) नमिता (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. LHSNP00001332203	शॉप नं. 20, 21, 22 पश्चिम रुआ ग्राउंड फ्लोर मेहदूदा बेहदूदा उरबा ए जेल मोमिरा पुख्ता वाका आबादी मशहद मोहल्ला मोहनपुरा सोनीपत सीमा के भीतर नजदीक गीता भवन चौक-131001 सोनीपत हरियाणा	रु. 37,25,778/- 09 मई, 2023	रु. 44,28,675/- / रु. 4,42,870/-	29 मई, 2023 को प्रात: 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक	31 मई 2023 को 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **मई 30, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) एवं **मई 30, 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता(ऋ) उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में **मई 30, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **सोनीपत** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड पर 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: मई 13, 2023
स्थान: सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अनिल गुप्ता/ राम कुमार गुप्ता/ सोनिया/ LBROH00005332524/ LBROH00004798780	हाउस नंबर 163/10, बाबरा मोहल्ला रोहतक, हरियाणा/ मई 10, 2023	मई 30, 2022 रु. 21,25,471/-	रोहतक
2.	सुनीता रानी/ विजय कुमार/ LBROH00002852590/ LBROH00002852592/ LBROH00002852591	संपत्ति संख्या 64, किल्ला संख्या 11, ग्राम पाड़ा, प्रेम नगर, तहसील और जिला रोहतक, हरियाणा/ मई 10, 2023	सितंबर 27, 2022 रु. 13,76,517/-	रोहतक

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 12, 2023
स्थान : रोहतक

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक क